प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 27.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे के ससुर सत्येंद्र नाथ त्रिवेदी और साले शिपिज त्रिवेदी को एसीबी ने समन भेजा है। एसीबी ने दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए बुलाया है। जानकारी के अनुसार एसीबी दोनों से विनय चौबे की आय से अधिक संपत्ति मामले में पूछताछ कर सकती है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने टीजीटी नियुक्ति से संबंधित सभी तीन सौ तिरसठ याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए एक साथ निपटारा किया। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि सभी याचिकाओं में तथ्य और कानूनी बिंदु समान हैं, इसलिए इनका निपटारा मीना कुमारी बनाम झारखंड कर्मचारी चयन आयोग मामले में पारित आदेश के आधार पर किया जा रहा है। उच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान यह भी स्पष्ट किया कि यदि मीना कुमारी केस में आगे अपील के दौरान कोई संशोधन या नया आदेश आता है, तो उसका प्रभाव स्वतः इन सभी निस्तारित याचिकाओं पर भी लागू होगा।

****

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के सहयोग से आज झारखंड और जामताड़ा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल पर गर्ल्स प्लस– टू स्कूल में बाल विवाह विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान फैमिली कोर्ट जामताड़ा के प्रधान न्यायाधीश राजेश कुमार ने छात्राओं को कानून के विभिन्न पहलुओं और बाल विवाह पर रोक लगाने को लेकर जागरूक किया।

****

लोहरदगा जिले के उपायुक्त डॉ ताराचंद ने मैट्रिक और इंटर परीक्षा–2026 के लिए परीक्षा केंद्रों के निर्धारण को लेकर बैठक की। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पेशरार प्रखण्ड के छात्र–छात्राओं की सुविधा के लिए परीक्षा केंद्र किस्को में बनाने का निर्देश दिया। साथ ही कुडू के चिरी में टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर को भी परीक्षा केंद्र बनाने पर जोर दिया। इसके अलावा एकलव्य आवासीय विद्यालयों में भी संभावित परीक्षा केंद्र के लिए भौतिक जांच करने को कहा। डॉक्टर ताराचंद ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में निर्धारित मानकों का अनुपालन जरूरी है। सभी परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी, शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था परीक्षा के दौरान अवश्य रहे।

****

बोकारो जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ नशा मुक्ति अभियान लगातार चलाने का निर्देश दिया है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

रांची के मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आठ हजार से अधिक नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। कार्यक्रम में होने वाली भीड़ के मद्देजनर और लाभुकों के आवागमन को लेकर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया कि शहर में 28 नवंबर की सुबह 6 से रात के 10 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। भारी मालवाहक वाहन रिंग रोड होकर अपने गंतव्य तक जायेंगे। ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि कार्यक्रम के रूट मार्ग में चारपहिया वाहनों का उपयोग न करें।

****

गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मधुपुर मुख्य मार्ग पर दूधी टांड़ टोल प्लाजा के पास आज ऑटो पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में एक बच्ची भी शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार एक ही परिवार के लोग मुंडन संस्कार के लिए बुढ़ई जा रहे थे। इस दौरान ऑटो चालक का संतुलन बिगड़ गया।

*********समाप्त**********